मुंबई, शनिवार, 25 जुलाई 2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी, विक्रम संवत 2083
मूल्य ₹ 0.00 | कुल पृष्ठ 4
www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com
+91-95945-42679
Digital Edition
वर्ष : 12, अंक : 265

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg. No. MH180326353 | महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित | प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत

**अनमोल वचन**

अहंकार मनुष्य का बहुत बड़ा दुश्मन है। वह सोने के हार को भी मिट्टी का बना देता है।


PADMAVAT MEDIA
न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

# राजस्थान वाटर कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आह्वान: जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाएं

## राजस्थान बनेगा जल प्रबंधन का राष्ट्रीय मॉडल, सरकार की नीतियों और जनभागीदारी से मजबूत होगी जल सुरक्षा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जल सुरक्षा को नई दिशा मिली है और राजस्थान सरकार जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन को जनभागीदारी से जोड़कर प्रदेश को जल प्रबंधन का राष्ट्रीय मॉडल बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल वर्तमान ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा विषय है, इसलिए इसे जनआंदोलन बनाना समय की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री राजस्थान वाटर कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गठन के तुरंत बाद जल आत्मनिर्भरता के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना, अमृत सरोवर, हर खेत को पानी और अन्य योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में जल सुरक्षा को नई मजबूती मिल रही है। रामजल सेतु लिंक परियोजना से 17 जिलों में पेयजल सुरक्षा सुनिश्चित होगी तथा 4.84 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं यमुना जल समझौते के तहत 295 किलोमीटर पाइपलाइन के माध्यम से 1,917 क्यूसेक पानी शेखावाटी क्षेत्र तक पहुंचेगा, जिससे करीब 75 लाख लोगों को स्थायी पेयजल राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में अमृत 2.0 योजना के तहत 178 शहरी निकायों में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए 5,100 करोड़ रुपये की स्वीकृतियां जारी की गई हैं। जल जीवन मिशन के माध्यम से 15 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं अटल भूजल योजना के अंतर्गत 485 करोड़ रुपये के जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य किए गए हैं। सिंचाई परियोजनाओं की नियमित निगरानी के लिए मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क फोर्स का गठन किया गया है तथा किसान साथी ऐप के माध्यम से किसानों को सिंचाई जल उपलब्धता की जानकारी दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 26 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जा रही है और वर्ष 2027 तक सभी जिलों में यह सुविधा शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की पारदर्शी नीति के कारण ढाई वर्षों में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ तथा 1.78 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और साढ़े चार लाख से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार मिला है। उन्होंने नागरिकों और किसानों से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने तथा कम पानी में अधिक उत्पादन के लिए माइक्रो इरिगेशन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि राजस्थान की संस्कृति में जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि सभ्यता, समृद्धि और सुरक्षित भविष्य का आधार है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है और सरकार इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है।

## खबर संक्षेप

### सऊदी अरब से भारत लाया गया एनआईए का वांछित आरोपी, सीबीआई की समन्वित कार्रवाई



**नई दिल्ली। @ पदमावत मिडिया।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के समन्वय से बड़ी सफलता हासिल करते हुए एनआईए के वांछित आरोपी मुहम्मदअली कन्नीर पल्लियालिल को सऊदी अरब से भारत वापस लाया है। आरोपी को 23 जुलाई 2026 को विधिवत निर्वासित (डिपोर्ट) कर भारत लाया गया। आरोपी एनआईए के एक गंभीर मामले में वांछित था, जिसमें उस पर गैरकानूनी गतिविधियों और हत्या का आरोप है। जांच के अनुसार आरोपी ने अपने साथियों के साथ साजिश के तहत घातक हथियारों से लैस होकर पीड़ित की दुकान में जबरन प्रवेश किया, उसे बंधक बनाकर जानलेवा हमला किया और उसकी हत्या कर दी। एनआईए के अनुरोध पर सीबीआई ने इंटरपोल के माध्यम से आरोपी के खिलाफ रेड नोटिस जारी कराया था। बाद में आरोपी का पता सऊदी अरब में लगाया गया, जहां स्थानीय अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद भारत सरकार की ओर से प्रत्यर्पण का अनुरोध भेजा गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सऊदी अरब के अधिकारियों ने आरोपी को भारत निर्वासित कर दिया। सीबीआई ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और संबंधित मंत्रालयों के समन्वय से फरार अपराधियों को भारत वापस लाने की कार्रवाई लगातार जारी है, ताकि उन्हें भारतीय कानून के तहत न्याय के कटघरे में लाया जा सके।

### लद्दाख एएनटीएफ की कार्रवाई: हेरोइन जैसे मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**लद्दाख। @ पदमावत मिडिया।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) लद्दाख ने नियमित गश्त के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हेरोइन जैसा मादक पदार्थ और खून से सना सिरिंज बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान संदिग्ध बोलोरो कैंपर वाहन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें स्टोक निवासी एक व्यक्ति के पास से हेरोइन जैसा मादक पदार्थ एवं एक रक्तरंजित सिरिंज बरामद हुई। आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना एएनटीएफ, लद्दाख में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी वर्ष 2025 में खालत्से थाने में दर्ज एनडीपीएस अधिनियम के एक अन्य मामले में भी नामजद है। लद्दाख पुलिस ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### भिवंडी क्राइम ब्रांच ने चेन स्नैचिंग के दो गिरोह पकड़े

**ठाणे। @ पदमावत मिडिया।** भिवंडी क्राइम ब्रांच यूनिट-2 ने कार्रवाई करते हुए चेन स्नैचिंग करने वाले दो गिरोहों का पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 10 वारदातों का खुलासा हुआ है। पुलिस ने उनके कब्जे से 148 ग्राम सोने के आभूषण, एक चोरी की मोटरसाइकिल सहित करीब 11.12 लाख रुपये का माल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार पहले गिरोह ने भिवंडी, बदलापुर, कल्याण, डोंबिवली और ठाणे क्षेत्र में सात चेन स्नैचिंग तथा एक मोटरसाइकिल चोरी की वारदात कबूल की है। वहीं दूसरे गिरोह के आरोपियों ने भिवंडी और बीड जिले के माजलगांव क्षेत्र में दो चेन स्नैचिंग की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा आरोपियों के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड और संभावित संलिप्तता की भी पड़ताल की जा रही है।

## फॉलो-अप ग्रामीण सेवा शिविरों में वर्षों पुराने राजस्व विवादों का समाधान



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** राजस्थान सरकार के फॉलो-अप ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के अंतर्गत पंचायत समिति झल्लारा की ग्राम पंचायत मोरीला एवं भबराना में आयोजित शिविरों में राजस्व विभाग ने वर्षों से लंबित प्रकरणों का मौके पर ही त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण कर आमजन को बड़ी राहत प्रदान की। अधिकारियों ने उपलब्ध अभिलेखों एवं दस्तावेजों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए लंबे समय से लंबित मामलों का समाधान किया। ग्राम पंचायत मोरीला के राजपुरा निवासी खेमा पुत्र पदीया मीणा (80 वर्ष) के राजस्व अभिलेख (जमाबंदी) में पिछले लगभग 40 वर्षों से नाम गलत दर्ज था। अभिलेखों में उनके सही नाम के स्थान पर पेमा पिता पदीया मीणा अंकित होने के कारण उन्हें भूमि संबंधी एवं अन्य शासकीय कार्यों में लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण सेवा शिविर में प्रस्तुत प्रकरण का परीक्षण कर नियमानुसार उसी दिन नाम शुद्धि की कार्रवाई पूर्ण की गई तथा राजस्व अभिलेख में सही नाम खेमा पिता पदीया मीणा दर्ज कर दिया गया। समस्या के समाधान पर लाभार्थी एवं उनके परिजनों ने राजस्थान सरकार, जिला प्रशासन सलूम्बर तथा राजस्व विभाग का आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीण सेवा शिविरों को जनहितकारी पहल बताया। इसी प्रकार

- **40 वर्ष पुरानी नाम त्रुटि हुई दुरुस्त, पारिवारिक भूमि बंटवारे का भी मौके पर हुआ निस्तारण**

ग्राम पंचायत भबराना में वर्षों से लंबित पारिवारिक कृषि भूमि बंटवारे के मामले का भी शिविर में समाधान किया गया। गमन पुत्र नाथू, देवू पुत्र नाथू एवं नारिया पुत्र नाथू के मध्य आपसी सहमति एवं सहमति-पत्र के आधार पर कृषि भूमि का विधिवत बंटवारा कर राजस्व अभिलेखों को अद्यतन किया गया। इस समाधान से लंबे समय से चला आ रहा पारिवारिक विवाद समाप्त हो गया। सभी पक्षकारों को अधिकारानुसार पृथक भूमि प्राप्त हुई, भविष्य के विवादों की संभावना समाप्त हुई तथा आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द को भी मजबूती मिली। जिला प्रशासन ने बताया कि फॉलो-अप ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से राजस्व सहित विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराकर आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील तरीके से समाधान किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सरलता से उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे सुशासन की अवधारणा को प्रभावी रूप से साकार किया जा रहा है।

## नशामुक्त राजस्थान के लिए चलेगा विशेष अभियान

## नशे के खिलाफ सभी स्तरों पर तय होगी जवाबदेही

### राज्यपाल ने मादक पदार्थ नियंत्रण एवं नशामुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदेश में नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए नशामुक्त राजस्थान के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सभी स्तरों पर जवाबदेही तय की जाए तथा मुख्य सचिव स्तर से इस संबंध में शीघ्र परिपत्र जारी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लोकभवन में आयोजित मादक पदार्थों के नियंत्रण, नशामुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं भावी कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यदि किसी भी सरकारी विभाग में कोई कर्मचारी नशे का सेवन करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध तत्काल निलंबन की कार्रवाई की जाए। उन्होंने विश्वविद्यालयों में भी नशीले पदार्थों के सेवन एवं तस्करी के मामलों में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने सीमा क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी किसी गांव, कस्बे अथवा तहसील में मादक पदार्थ बरामद हों, वहां संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर उनकी जवाबदेही भी तय की जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को बड़े होटलों, सार्वजनिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने तथा नशामुक्ति अभियान को गंभीरता से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस अधिकारियों से स्वयं भी नशामुक्त जीवनशैली अपनाने और समाज में नशे की रोकथाम के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि एक ओर नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर शराब के बढ़ते सेवन की प्रवृत्ति भी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से ही युवाओं को नशे से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि नशा आग की तरह है, जो तेजी से फैलती है, इसलिए समय रहते इसे रोकना आवश्यक है। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने केंद्र सरकार की पहल पर संचालित नशामुक्त भारत अभियान एवं राजस्थान में मादक पदार्थ नियंत्रण के लिए निर्धारित प्राथमिकताओं की जानकारी दी।

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस विभाग द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत की जा रही कार्रवाइयों की जानकारी दी। पूर्व में पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने प्रदेश में नशीले पदार्थों की तस्करी, उसके विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों एवं रोकथाम के प्रयासों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने विभिन्न विभागों द्वारा नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## यूएई से भारत लाया गया करोड़ों की धोखाधड़ी का वांछित आरोपी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इंटरपोल के रेड नोटिस के आधार पर करोड़ों रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में वांछित आरोपी अविनाश अर्जुन राठौड़ को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत निर्वासित करवा लिया। आरोपी 23 जुलाई को मुंबई पहुंचा, जहां महाराष्ट्र पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सीबीआई के अनुसार आरोपी ने अपने साथियों के साथ निवेशकों को निश्चित मासिक रिटर्न का झांसा देकर करोड़ों रुपये का निवेश कराया और बाद में राशि का गबन कर विभिन्न बैंक एवं डीमैट खातों में स्थानांतरित कर दी। मामले में पहले इंटरपोल के माध्यम से रेड नोटिस जारी किया गया था। सीबीआई ने बताया कि विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के समन्वय से यह कार्रवाई की गई। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## ईडी की बड़ी कार्रवाई: नार्को-टेरर फंडिंग नेटवर्क पर 9 ठिकानों पर छापेमारी




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जम्मू।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जम्मू उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने नार्को-टेरर फंडिंग से जुड़े धनशोधन मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 23 जुलाई को पंजाब और जम्मू-कश्मीर (एलओसी के निकट) स्थित 9 स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर पुलिस और पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज मामलों के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई। ईडी की जांच में पंजाब और जम्मू-कश्मीर के बीच संचालित एक सुनियोजित नार्को-टेरर फंडिंग नेटवर्क का खुलासा हुआ है। जांच के अनुसार सतनाम सिंह, मंजीत सिंह उर्फ मान, सफीर अहमद और कफील अहमद सहित कई आरोपी इस नेटवर्क में सक्रिय थे। पाकिस्तान स्थित संचालकों और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े तत्वों के माध्यम से एलओसी के पास स्थित अमरोही क्षेत्र से हेरोइन भारत में तस्करी कर लाई जाती थी। एक मामले में 35 पैकेट हेरोइन की खेप लाई गई, जिनमें से 30 पैकेट

- **पंजाब और जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित हेरोइन तस्करी व आतंकी फंडिंग की जांच तेज, 49.90 लाख रुपये के बैंक खाते फ्रीज**

(करीब 31 किलोग्राम) ट्रक के टायर में छिपाकर श्रीनगर से पंजाब भेजे गए थे। जांच में यह भी सामने आया कि इस नेटवर्क के जरिए 60 किलोग्राम से अधिक हेरोइन की तस्करी की गई।

तस्करी से अर्जित धन का उपयोग आतंकी गतिविधियों के वित्तपोषण में किया जाता था। आरोपी फर्जी दस्तावेज, नकली वाहन कागजात, वाहनों में गुप्त स्थान और नकद लेन-देन के जरिए पूरे नेटवर्क का संचालन करते थे। छापेमारी के दौरान ईडी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और बैंक रिकॉर्ड जब्त किए। साथ ही लगभग 49.90 लाख रुपये की राशि वाले कई बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

## ईडी का बड़ा एक्शन गेम्सक्राफ्ट और सहयोगी संस्थाओं की 1,906 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

### ऑनलाइन रम्मी खिलाड़ियों से कथित धोखाधड़ी और धनशोधन मामले में कार्रवाई, अब तक 2,401 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त, फ्रीज और कुर्क

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**बेंगलुरु ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बेंगलुरु जोनल कार्यालय ने रम्मीकल्चर ऐप और अन्य ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म से जुड़े धनशोधन मामले में गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, उसके शेयरधारकों और संबद्ध संस्थाओं की लगभग 1,906 करोड़ रुपये मूल्य की चल एवं अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं। यह कार्रवाई 22 जुलाई 2026 को पीएमएलए, 2002 के तहत जारी अस्थायी कुर्की आदेश के माध्यम से की गई।

ईडी के अनुसार यह जांच तेलंगाना में दर्ज कई प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई थी। जांच में सामने आया कि रम्मीकल्चर, रम्मीप्राइम, प्लेशिप और रम्मीटाइम जैसे ब्रांडों के माध्यम से संचालित ऑनलाइन रियल मनी रम्मी प्लेटफॉर्म पर देशभर में करीब 3 करोड़ उपयोगकर्ता जुड़े हुए थे। इन प्लेटफॉर्मों ने खिलाड़ियों से दांव की राशि पर 10 से 15 प्रतिशत तक प्लेटफॉर्म कमीशन लेकर भारी राजस्व अर्जित किया।

जांच में यह भी खुलासा हुआ कि कंपनियां खिलाड़ियों को निष्पक्ष खेल का भरोसा देती थीं, जबकि उनकी जानकारी के बिना बॉट (स्वचालित प्रोग्राम) का उपयोग कर खेल संचालित किए जाते थे, जिससे खिलाड़ियों को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। नए खिलाड़ियों को बोनस, रेफरल योजना, मुफ्त टूर्नामेंट और अन्य प्रलोभनों के माध्यम से जोड़ा जाता था, जबकि भारी नुकसान के बाद खेल छोड़ चुके खिलाड़ियों को भी नकद प्रोत्साहन, प्रचार संदेश और टेलीमार्केटिंग के जरिए दोबारा खेलने के लिए प्रेरित किया जाता था।

ईडी ने बताया कि जांच के दौरान अपराध से अर्जित धन को लाभांश, शेयर बायबैक, म्यूचुअल फंड, बॉन्ड, कन्वर्टिबल नोट्स, इक्विटी शेयर, फार्महाउस तथा अन्य महंगी अचल संपत्तियों में निवेश कर वैध संपत्ति के रूप में दर्शाया गया। इससे पहले की गई तलाशी में 495 करोड़ रुपये की चल संपत्तियां फ्रीज की गई थीं, जबकि 11 लाख रुपये नकद और करीब 2.30 किलोग्राम सोना-हीरे के आभूषण भी जब्त किए गए थे। इस मामले में अब तक लगभग 2,401 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां जब्त, फ्रीज या कुर्क की जा चुकी हैं। मामले की जांच जारी है।

## खबर संक्षेप

### ओबीसी राजनीतिक प्रतिनिधित्व सर्वे की अवधि कल तक बढ़ी

**राजसमंद @ पदमावत मिडिया।** राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग ने ओबीसी परिवारों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व संबंधी सर्वे की अवधि बढ़ाकर 26 जुलाई 2026 तक कर दी है। आयोग ने सभी जिलों को निर्धारित समय में सर्वे कार्य शत-प्रतिशत पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। आयोग के अनुसार शहरी क्षेत्रों सहित प्रदेशभर में सर्वे की प्रगति की समीक्षा के बाद अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि 26 जुलाई के बाद सर्वे की अवधि में किसी प्रकार का विस्तार नहीं किया जाएगा। आयोग ने अधिकारियों और प्रगणकों से समयबद्ध रूप से सर्वे कार्य पूरा करने की अपील की है।

### मुस्कान क्लब का स्नेह मिलन एवं पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन



**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** मुस्कान क्लब की ओर से शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित श्री तनेश्वर महादेव मंदिर परिसर में गुरुवार को स्नेह मिलन एवं पिकनिक का आयोजन किया गया। क्लब के उपाध्यक्ष सूरजमल पोरवाल एवं के.के. त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में चार बसों से करीब 200 सदस्यों ने भाग लिया। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि दिनभर चले कार्यक्रम में अल्पाहार, सामूहिक भोज, गरबा, हाउजी, गीत-संगीत एवं विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए पिकनिक का समापन किया गया।

### आम चुनाव-2026 की तैयारियों को लेकर 29 जुलाई को बैठक

**डूंगरपुर @ पदमावत मिडिया।** नगरीय निकाय एवं पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के सफल संचालन को लेकर 29 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे ईडीपी हॉल में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) देशल दान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्र रेगर ने बताया कि सभी प्रकोष्ठ प्रभारी एवं सहायक प्रकोष्ठ प्रभारियों को अपने-अपने प्रकोष्ठ की तैयारियों एवं अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### आत्मा योजना के कृषक पुरस्कार के लिए 30 अक्टूबर तक आवेदन

**भीलवाड़ा @ पदमावत मिडिया।** आत्मा योजना के तहत वर्ष 2026-27 में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं डेयरी, जैविक तथा नवाचारी खेती में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों से 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) श्रीमती उषा चितारा ने बताया कि चयनित किसानों को पंचायत समिति स्तर पर 10 हजार, जिला स्तर पर 25 हजार तथा राज्य स्तर पर 50 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। वर्ष 2009-10 से 2025-26 तक किसी भी योजना में सम्मानित किसान इस पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे। इच्छुक किसान निर्धारित दस्तावेजों सहित आवेदन कृषि पर्यवेक्षक या सहायक कृषि अधिकारी के माध्यम से 30 अक्टूबर तक उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा), कृषि भवन, अजमेर चौराहा, भीलवाड़ा कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### 26 जुलाई को श्री देवेंद्र धाम में होगा चातुर्मास प्रवेश



**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में संघ रत्न प्रवर्तक डॉ. राजेंद्र मुनि म.सा., उपाध्याय प्रवर रमेश मुनि म.सा., डॉ. सुरेंद्र मुनि म.सा. एवं दीपेश मुनि म.सा. आदि ठाणा-4 का चातुर्मास मंगल प्रवेश 26 जुलाई को होगा। मीडिया प्रभारी विनोद कोठारी ने बताया कि प्रवेश यात्रा प्रातः 8:15 बजे पूर्व महापौर रजनी डांगी के निवास से प्रारंभ होकर श्री देवेंद्र धाम, भुवाणा पहुंचेगी, जहां धर्मसभा आयोजित होगी। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन प्रवचन, आराधना, स्वाध्याय एवं धार्मिक कार्यक्रम होंगे। 29 जुलाई से नियमित प्रार्थना, प्रवचन एवं प्रतिक्रमण का क्रम शुरू होगा।

# साइबर सुरक्षा और बालिका सशक्तिकरण का दिया संदेश, विद्यार्थियों को किया जागरूक



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**कोटड़ा/उदयपुर ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लम्बाहल्दू में महिला अधिकारिता विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रूलर हेल्थ एजुकेशन संस्थान द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, पुलिस थाना कोटड़ा की ओर से साइबर क्राइम एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग की सुपरवाइजर चंचल प्रसात, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की सामाजिक परामर्शदाता लक्ष्मी गरासिया तथा कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर निशा डेंडोर ने विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की। सामाजिक परामर्शदाता लक्ष्मी गरासिया ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा नहीं करने, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, बाल विवाह रोकथाम, महिलाओं एवं बालिकाओं के कानूनी अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण, वन स्टॉप सेंटर, आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। महिला अधिकारिता विभाग की सुपरवाइजर चंचल प्रसात ने शिक्षा सेतु, निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण, कालीबाई भील उड़ान योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर निशा डेंडोर ने मौसमी बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू, उल्टी-दस्त से बचाव के उपाय बताए। साथ ही सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम तथा सर्वाइकल वैक्सीन के महत्व के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता तथा बालिकाओं के सम्मान और शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, ग्राम पंचायत लम्बाहल्दू की साथिन इंद्रा देवी सहित अन्य

### हिरणमगरी में बाल विवाह एवं साइबर अपराध के प्रति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** महिला अधिकारिता विभाग के अंतर्गत महिला शिक्षा एवं शोध समिति विशाखा संस्था, जयपुर द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, पुलिस थाना हिरणमगरी की ओर से गुरुनानक पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, हिरणमगरी सेक्टर-4 में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बाल विवाह एवं साइबर अपराध के प्रति जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की सामाजिक परामर्शदाता नेहा मेनारिया ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनी अधिकारों, राजकॉप सिटीजन ऐप, लाड़ो प्रोत्साहन योजना तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराध से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव, व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस एवं संबंधित हेल्पलाइन पर देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के दुष्प्रभावों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं को बाल विवाह निषेध कानून, शिक्षा के महत्व, आत्मनिर्भरता तथा अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। साथ ही उन्हें किसी भी प्रकार की सामाजिक, मानसिक या डिजिटल समस्या की स्थिति में बिना संकोच सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य विभा व्यास सहित समस्त शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में छात्राओं से कार्यशाला में प्राप्त जानकारी को अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी बाल विवाह रोकने एवं साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया।

### ऑपरेशन सुदर्शन 2.0: 12 साल से फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

**राजसमंद @ पदमावत मिडिया।** ऑपरेशन सुदर्शन 2.0 के तहत राजसमंद पुलिस ने 12 वर्षों से फरार 2 हजार रुपये के इनामी आरोपी को डूंगरपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए नाम-पता बदलकर विभिन्न राज्यों में ट्रकों पर खलासी का काम कर रहा था। जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के निर्देशन में कांकरोली थाना पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तकनीकी सहायता से आरोपी सम्पत जाट निवासी रेलमगरा को गिरफ्तार किया।

उसके विरुद्ध वर्ष 2014 में नाथद्वारा थाने में भारतीय दंड संहिता एवं पॉक्सो अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज था। पुलिस के अनुसार आरोपी नागपुर, अहमदाबाद, डूंगरपुर और कर्नाटक सहित विभिन्न स्थानों पर पहचान छिपाकर रह रहा था। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे नियमानुसार कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि फरार एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

### भामाशाह ने विद्यार्थियों को बांटी स्कूल ड्रेस, बैग और जूते



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** कुंभलगढ़ क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कंबोडा में समाजसेवी एवं होटल एसोसिएशन अध्यक्ष भरतपाल सिंह ने सभी विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस, बैग एवं जूतों का वितरण किया। शिक्षण सामग्री मिलने पर विद्यार्थियों ने खुशी जताई।

कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी साक्षी पूरी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भामाशाहों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने होटल व्यवसायियों से एक-एक राजकीय विद्यालय गोद लेकर विद्यार्थियों को गणवेश, बैग, जूते, छाते एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की अपील की। भरतपाल सिंह ने भविष्य में भी विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सहयोग जारी रखने का संकल्प व्यक्त करते हुए अन्य समाजसेवियों एवं होटल व्यवसायियों से भी इस तरह की पहल से जुड़ने का आह्वान किया।

### विद्यालय में साइबर सुरक्षा एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर कार्यक्रम



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**कोटड़ा ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लम्बाहल्दू में महिला अधिकारिता विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, पुलिस थाना कोटड़ा द्वारा साइबर क्राइम एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक परामर्शदाता लक्ष्मी गरासिया ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा नहीं करने, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह रोकथाम, महिलाओं एवं बालिकाओं के कानूनी अधिकार, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी भी प्रदान की गई। महिला अधिकारिता विभाग की सुपरवाइजर चंचल प्रसात ने शिक्षा सेतु, निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण, कालीबाई भील उड़ान योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर निशा डेंडोर ने मलेरिया, डेंगू, उल्टी-दस्त से बचाव तथा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम एवं सर्वाइकल वैक्सीन के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा, डिजिटल जागरूकता तथा बालिकाओं के सम्मान और शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं ग्राम पंचायत लम्बाहल्दू की साथिन इंद्रा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दर्द से राहत की नई उम्मीद बना आयुर्वेद, पंचकर्म एवं अग्निकर्म चिकित्सा शिविर का सफल समापन

## अंतिम दिन उमड़ी मरीजों की भीड़, कई रोगियों को दर्द से मिली उल्लेखनीय राहत



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आयुर्वेद विभाग, राजस्थान के तत्वावधान में आरोग्य समिति, राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय, सिंधी बाजार द्वारा आयोजित 48वें निःशुल्क विशाल पंचकर्म एवं विशेष अग्निकर्म चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर के अंतिम दिन बड़ी संख्या में मरीजों ने पंचकर्म एवं विशेष अग्निकर्म चिकित्सा का लाभ लिया। उदयपुर के साथ-साथ राजसमंद, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़ एवं आसपास के जिलों से पहुंचे मरीजों ने उपचार प्राप्त कर आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति विश्वास व्यक्त किया। शिविर में कमर दर्द, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, घुटनों का दर्द, गठिया, सायटिका, एवीएन, जोड़ों का दर्द, मांसपेशियों की जकड़न, माइग्रेन, अनिद्रा, मोटापा, कब्ज तथा अन्य वातजन्य एवं जीवनशैली से जुड़े रोगों से पीड़ित मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परीक्षण कर पंचकर्म चिकित्सा एवं आयुर्वेदिक उपचार प्रदान किया। आवश्यकता अनुसार अभ्यंग, स्वेदन, कटिबस्ति, ग्रीवाबस्ति, जानुबस्ति, शिरोधारा एवं बस्ति कर्म सहित विभिन्न पंचकर्म प्रक्रियाएं की गई। शिविर के अंतिम दिन आयोजित विशेष अग्निकर्म चिकित्सा शिविर में अग्निकर्म विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह हाड़ा ने घुटनों का दर्द, सर्वाइकल, कमर दर्द, सायटिका, टेनिस एल्बो, एड़ी के दर्द सहित विभिन्न दर्द संबंधी रोगों से पीड़ित मरीजों का परीक्षण कर आवश्यकता अनुसार अग्निकर्म चिकित्सा प्रदान की। उपचार के बाद अनेक मरीजों ने दर्द में उल्लेखनीय राहत मिलने की जानकारी दी और आयुर्वेद विभाग की इस पहल की सराहना की। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. शोभालाल औदीच्य ने बताया कि आधुनिक जीवनशैली के कारण जोड़ों एवं मेरुदंड संबंधी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। पंचकर्म एवं अग्निकर्म आयुर्वेद की प्रभावी उपचार पद्धतियां हैं, जिनसे ऐसे रोगों में लाभ मिलता है। उन्होंने आमजन से संतुलित दिनचर्या, उचित खान-पान अपनाने तथा आवश्यकता पड़ने पर आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ लेने की अपील की। शिविर के सफल संचालन में वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. शोभालाल औदीच्य के निर्देशन में डॉ. शैलेंद्र शर्मा, डॉ. अंकिता सियाल, डॉ. संजय सोनी, डॉ. नितिन सेजू एवं डॉ. रितम्भरा ने मरीजों का परीक्षण कर उपचार एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया। शिविर की व्यवस्थाओं एवं संचालन में वरिष्ठ कम्पाउंडर शंकरलाल खराड़ी के साथ इंदिरा डामोर, कंचन कुमार डामोर, कन्हैयालाल नागदा, वंदना शक्तावत, चंद्रेश परमार, अंजना बारोट, हेमंत पालीवाल, संगीता रेगर, त्रिलोचना अहारी, गजेन्द्र कुमार आमेटा, निर्भय सिंह भाटी एवं देवीलाल मेघवाल ने पंजीयन, रोगी मार्गदर्शन, पंचकर्म व्यवस्थाओं तथा चिकित्सा सेवाओं में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को मिली नई गति, 303 मास्टर ट्रेनर्स संभालेंगे प्रशिक्षण की कमान

## राज्य स्तरीय सेमिनार में रणनीति पर मंथन, तकनीक, समन्वय और प्रशिक्षित पुलिस बल से होगा सुरक्षित सिंहस्थ







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (ToT) का राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा, जिलों में प्रशिक्षण की प्रगति, फील्ड अनुभवों के आदान-प्रदान तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत मंथन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर के 303 प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि तथा सिंहस्थ-2028 की तैयारियों से जुड़े अधिकारी शामिल हुए। सेमिनार में प्रशिक्षण मॉड्यूल, नवाचार, ऑनग्राउंड अनुभव, फीडबैक तथा प्रशिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।

### सिंहस्थ केवल आयोजन नहीं, मध्यप्रदेश पुलिस की बड़ी परीक्षा : डीजीपी

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि सिंहस्थ-2028 केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम है। इसकी सफलता मध्यप्रदेश पुलिस की पेशेवर दक्षता, संवेदनशीलता, अनुशासन और समन्वित कार्यशैली की भी परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश पुलिस पिछले तीन वर्षों से सिंहस्थ-2028 की तैयारियों पर चरणबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। उज्जैन में आयोजित विभिन्न मंथन बैठकों और विषय विशेषज्ञों के सुझावों के आधार पर व्यापक प्रशिक्षण प्रणाली विकसित की गई है। पुलिस ड्यूटी पोर्टल, eHRMS आधारित मानव संसाधन प्रबंधन, साइबर सुरक्षा योजना तथा विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल पर तेजी से कार्य किया जा रहा है।

### 303 मास्टर ट्रेनर्स दे रहे हैं पूरे प्रदेश में प्रशिक्षण

डीजीपी ने बताया कि दो चरणों में आयोजित ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (ToT) कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेशभर में 303 मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए गए हैं। ये प्रशिक्षित अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने जिलों में हजारों पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को भूमिका आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं, जिससे सिंहस्थ के दौरान बेहतर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

### आधुनिक तकनीक और नए पुलिस बल से बढ़ेगी क्षमता

उन्होंने बताया कि सिंहस्थ-2028 के लिए आवश्यक पुलिस अधोसंरचना के विकास की विस्तृत परियोजना को शासन की स्वीकृति मिल चुकी है और कई महत्वपूर्ण कार्य प्रगति पर हैं। साथ ही ‌िलफ्टर प्रणाली के माध्यम से सिंहस्थ के दौरान हजारों पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी, तैनाती और मानव संसाधन प्रबंधन अधिक सुव्यवस्थित ढंग से किया जाएगा। डीजीपी ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष 2025 में 8,500 तथा वर्ष 2026 में 9,662 पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी गई है। लगभग 18 हजार नए पुलिसकर्मियों की भर्ती से सिंहस्थ-2028 सहित भविष्य की कानून-व्यवस्था संबंधी आवश्यकताओं के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध होगा।

### महाकुंभ-2025 के अनुभवों का मिलेगा लाभ

डीजीपी ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन से प्राप्त अनुभवों को सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में शामिल किया गया है। भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, अंतरराज्यीय समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा रहा है।

### विशेषज्ञों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

सेमिनार में उत्तरप्रदेश रेलवे के महानिदेशक डी. प्रकाश ने प्रयागराज महाकुंभ की सर्वोत्तम व्यवस्थाओं को अपनाने पर बल दिया। विशेष पुलिस महानिदेशक उपेन्द्र जैन ने प्रशिक्षण में सेवा भावना, संवेदनशीलता और व्यवहारिक अभ्यास को प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई। उत्तरप्रदेश की महानिदेशक रेणुका मिश्रा ने Police Service, Not Police Force की अवधारणा को अपनाने पर जोर देते हुए श्रद्धालुओं के प्रति सम्मानजनक और संवेदनशील व्यवहार को सबसे महत्वपूर्ण बताया।

### प्रशिक्षण में नवाचार पर हुआ मंथन

सेमिनार में प्रशिक्षण में नवाचार की आवश्यकता विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें प्रशिक्षण प्रणाली को अधिक व्यवहारिक, तकनीक आधारित एवं परिस्थितिजन्य बनाने पर सुझाव दिए गए।

जिलों से आए अधिकारियों ने प्रशिक्षण संबंधी अपने अनुभव साझा किए तथा सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (गुप्तवार्ता) ए. साईं मनोहर ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सिंहस्थ-2028 को सुरक्षित, सुव्यवस्थित, तकनीक-सक्षम एवं अनुकरणीय बनाने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# खबर संक्षेप

## मानसून में सरकारी विद्यालयों की सुरक्षा के लिए विशेष निर्देश जारी

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** मानसून के दौरान छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समग्र शिक्षा उदयपुर ने जिले के सभी राजकीय विद्यालयों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कुंज बिहारी भारद्वाज ने सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी उपायों की पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के अनुसार जर्जर एवं असुरक्षित भवनों में शिक्षण कार्य पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे क्षेत्रों को बैरिकेडिंग कर विद्यार्थियों के प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी। संस्था प्रधान प्रतिदिन विद्यालय भवन का निरीक्षण करेंगे और सुरक्षा सुनिश्चित होने के बाद ही विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। विद्यालयों की छतों, नालियों की नियमित सफाई, जलभराव रोकने, बिजली के ढीले तार व खराब स्विच ठीक कराने तथा आवश्यक रिकॉर्ड को सुरक्षित स्थान पर रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही कुएं, बावड़ी, टांके एवं अन्य संभावित खतरनाक स्थानों को सुरक्षित करने के आदेश जारी किए गए हैं।

## बिलिया में घुमन्तु परिवारों को लॉटरी से मिलेंगे आवास



**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) की साधारण बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष एवं संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध-घुमन्तु आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यूडीए सचिव राजपाल सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में आईएचएसडीपी योजना के तहत राजस्व ग्राम बिलिया में निर्मित रिक्त आवास पात्र परिवारों को लॉटरी के माध्यम से आवंटित किए जाएंगे। साथ ही आंगनवाड़ी भवन, गार्डन एवं सभा भवन की मरम्मत कर आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। आवासों के मरम्मत कार्य के लिए 2.90 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति के बाद टेंडर जारी किए जा चुके हैं। बैठक के बाद संभागीय आयुक्त ने आईएचएसडीपी योजना के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्य समयबद्ध रूप से पूरा कर पात्र परिवारों को शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

## महिला पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की महिला पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2026 जिले के 42 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कुल 10,898 अभ्यर्थियों में से 7,790 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 3,108 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 71.48 प्रतिशत रही।

## ओबीसी सर्वे की अवधि 26 जुलाई तक बढ़ी

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग ने ओबीसी परिवारों के सर्वे की अवधि बढ़ाकर 26 जुलाई कर दी है। आयोग के अनुसार अब तक प्रदेश में 69.86 प्रतिशत सर्वे कार्य पूरा हुआ है।

## स्वच्छ भारत मिशन की बैठक 29 जुलाई को

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** जिला स्वच्छ भारत मिशन-कार्यकारी परिषद की बैठक 29 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कॉन्फ्रेंस हॉल में होगी। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं घर-घर कचरा संग्रहण सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी।

## जन्म-मृत्यु पंजीयन समिति की बैठक 4 अगस्त को

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक 4 अगस्त को जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में जन्म-मृत्यु पंजीयन, पीसीटीएस पोर्टल की प्रगति एवं संबंधित विषयों की समीक्षा की जाएगी।

## राजकीय छात्रावासों में गेस्ट फैकल्टी के लिए 31 जुलाई तक आवेदन

**सलूम्बर @ पदमावत मिडिया।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने राजकीय छात्रावासों में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को अंग्रेजी, विज्ञान एवं गणित की कोचिंग देने के लिए गेस्ट फैकल्टी के आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी ममता कुमारी जाखड़ ने बताया कि पात्र सेवानिवृत्त कार्मिक एवं निजी अभ्यर्थी 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को विभागीय नियमानुसार प्रतिघंटा मानदेय दिया जाएगा। आवेदन जिला कार्यालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सलूम्बर में जमा किए जा सकते हैं।


# भायंदर में मुनि निपुणरत्न विजय म.सा. का भव्य चातुर्मास प्रवेश रविवार को

## जापान से 81 गुरुभक्त होंगे शामिल, देशभर से श्रद्धालुओं का होगा आगमन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com
**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल/मुंबई।** त्रिस्तुतिक जैन संघ के मुनि निपुणरत्न विजय म.सा. आदि ठाणा का मग्गदयाणं चातुर्मास-2026 के अंतर्गत भव्य चातुर्मास मंगल प्रवेश रविवार को भायंदर (मुंबई) में होगा। थराद त्रिस्तुतिक जैन संघ, मुंबई के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह का माहौल है तथा तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि चातुर्मास प्रवेश शोभायात्रा प्रातः 8:30 बजे 52 जिनालय से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा नवकारा पार्श्वनाथ जिनालय एवं गुरुमंदिर के दर्शन करते हुए 60 फीट एवं 90 फीट रोड से होकर 150 फीट रोड स्थित नूतन थराद भवन, जयन्तगिरि पहुंचेगी, जहां मुनिराज सहित मुनि मंडल का विधिवत चातुर्मास प्रवेश संपन्न होगा। इसके पश्चात शोभायात्रा अग्रवाल



ग्राउंड (मेक्सस मॉल के पीछे) पहुंचेगी, जहां विशाल धर्मसभा का आयोजन होगा। धर्मसभा में मुनिराज का प्रेरणादायी प्रवचन होगा तथा चातुर्मास के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों एवं आराधना कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी।

आयोजन समिति के अनुसार चातुर्मास प्रवेश में इस बार देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। विशेष आकर्षण यह रहेगा कि जापान से 81 गुरुभक्त इस ऐतिहासिक प्रवेश समारोह में भाग लेने के लिए मुंबई पहुंच रहे हैं। किसी भी चातुर्मास प्रवेश में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में जापानी गुरुभक्तों की सहभागिता होगी। इससे पूर्व दो वर्ष पहले अहमदाबाद चातुर्मास प्रवेश में जापान से 66 गुरुभक्तों ने भाग लेकर भक्ति और श्रद्धा का अनूठा वातावरण बनाया था।

यह मुनि निपुणरत्न विजय म.सा. के 25 वर्षीय संयम जीवन का दूसरा स्वतंत्र चातुर्मास है। वहीं भायंदर स्थित नूतन थराद भवन में पहली बार चातुर्मास का आयोजन होने जा रहा है, जिसे लेकर जैन समाज में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

चातुर्मास प्रवेश के अवसर पर मुंबई सहित राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में गुरुभक्तों का आगमन लगातार जारी है। आयोजन समिति के अनुसार यह चातुर्मास जप, तप, आराधना, स्वाध्याय एवं आध्यात्मिक ज्ञानवर्धन के विविध कार्यक्रमों के लिए विशेष रूप से समर्पित रहेगा।

# जतन संस्थान की पहल: बालिकाओं को साइबर सुरक्षा और महिला अधिकारों के प्रति किया जागरूक

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय असलीगढ़ में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत विशेष कार्यक्रम




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के क्षेत्र में लगातार सक्रिय जतन संस्थान द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, पुलिस थाना नाई की ओर से जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय असलीगढ़ में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत डिजिटल साक्षरता एवं साइबर जागरूकता पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जतन संस्थान लंबे समय से महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण, लैंगिक समानता, कानूनी जागरूकता तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग की पर्यवेक्षक पूजा पाटीदार ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक बालिका का डिजिटल रूप से जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, सोशल मीडिया पर सतर्कता, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा नहीं करने तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। साथ ही निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण, शिक्षा सेतु, कालीबाई भील उड़ान योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, पुलिस थाना नाई की सामाजिक परामर्शदाता संगीता पालीवाल ने बाल विवाह रोकथाम, कम उम्र में गर्भधारण के दुष्परिणाम, अच्छा स्पर्श-बुरा स्पर्श, मानसिक स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा से संरक्षण, महिलाओं एवं बालिकाओं के कानूनी अधिकार, महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवाएं 112 तथा राजकॉप सिटिजन ऐप की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना संकोच सहायता लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को डिजिटल रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनाना था। छात्राओं ने साइबर सुरक्षा, महिला सम्मान एवं शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

जतन संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्था महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के माध्यम से विद्यालयों, महाविद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करा रही है। संस्था का लक्ष्य समाज में सुरक्षित, जागरूक और सशक्त वातावरण का निर्माण करना है।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षकीय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में कूलर की सफाई कर दिया आमजन को मौसमी बीमारियों पर रोकथाम का संदेश

## प्रति शुक्रवार सरकारी व निजी कार्यालयों में हो सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी, हर रविवार आमजन मनाएं ड्राई डे

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** जिले में डेंगू की रोकथाम एवं मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जिला कलक्टर संदेश नायक ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कूलर की सफाई कर आमजन को स्वच्छता एवं मच्छरजनित रोगों की रोकथाम का संदेश दिया। इस दौरान सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने कहा कि डेंगू से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करना है। इसके लिए प्रत्येक शुक्रवार को सभी सरकारी एवं निजी कार्यालयों में सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी आयोजित कर कूलर, पानी की टंकियों, गमलों, कबाड़ एवं अन्य जलभराव वाले स्थानों की नियमित सफाई और जांच की जाए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक रविवार को ष्ड्राई डेष के रूप में मनाएं। इस दिन घरों में कूलर खाली कर साफ करें, पानी के बर्तनों को



धोकर सुखाएं तथा कहीं भी पानी जमा न होने दें, ताकि एडीज मच्छर के प्रजनन को रोका जा सके।

जिला कलक्टर ने कहा कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। यदि प्रत्येक नागरिक सप्ताह में केवल 10 मिनट अपने घर एवं आसपास की सफाई पर ध्यान दे, तो डेंगू जैसी गंभीर बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने सभी विभागों, संस्थानों एवं आमजन से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

# राजस्व लक्ष्य में कोई कमी स्वीकार्य नहीं, समन्वय से हर हाल में लक्ष्य पूर्ण करें: आबकारी आयुक्त नमित मेहता

## अजमेर और जोधपुर जोन की समीक्षा बैठक में राजस्व, बकाया वसूली और निरोधात्मक कार्रवाई तेज करने के निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने कहा कि प्रदेश सरकार राजस्व लक्ष्य, बकाया वसूली और निरोधात्मक कार्रवाई को लेकर गंभीर है। सभी अधिकारी आपसी समन्वय, सतर्कता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को हर हाल में पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जुलाई माह के राजस्व लक्ष्य में किसी भी प्रकार की कमी स्वीकार्य नहीं होगी तथा गत वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक राजस्व वृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर काम करना होगा। आबकारी आयुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अजमेर एवं जोधपुर जोन के सभी जिलों के अधिकारियों की विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जुलाई माह के अंत तक निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अधिकारी दैनिक लक्ष्य निर्धारित कर उसकी नियमित समीक्षा करें। लक्ष्य पूर्ति में लापरवाही या कोताही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान राज्य औसत से पीछे चल रहे जिलों की विशेष समीक्षा की गई। अजमेर जोन में राजस्व लक्ष्य में पिछड़े अजमेर दक्षिण,




किशनगढ़, केकड़ी, मेड़ता, परबतसर, गंगापुर और मांडलगढ़ क्षेत्रों के आबकारी अधिकारियों एवं निरीक्षकों को राजस्व वृद्धि के लिए विशेष निर्देश दिए गए। वहीं नावां, निवाई और मालपुरा सहित अन्य क्षेत्रों में निरोधात्मक कार्रवाई में कमी पर संबंधित अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए गए। बकाया वसूली के मामलों में आवश्यकतानुसार संपत्ति कुर्क एवं अटैचमेंट की कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। जोधपुर जोन की समीक्षा के दौरान पाली, जैसलमेर और बाड़मेर जिलों को माह के अंत तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए दैनिक कार्ययोजना के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए। चौहटन, बालोतरा, पोकरण, बिलाड़ा और जोधपुर सिटी के अधिकारियों को राजस्व लक्ष्य प्राप्ति के लिए समन्वित प्रयास करने को कहा गया। साथ ही चौहटन, सांचौर, बालोतरा, बाली और रेवदर क्षेत्रों में बकाया वसूली में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

आबकारी आयुक्त ने अवैध मदिरा के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई को और प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जब्ती और गिरफ्तारी की संख्या बढ़ाई जाए। प्रत्येक आबकारी निरीक्षक एवं प्रहराधिकारी की थाना स्तर पर निरोधात्मक कार्रवाई की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा जब्ती एवं महत्वपूर्ण प्रकरणों के आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त आबकारी आयुक्त (अजमेर) राधेश्याम डेलू एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त (जोधपुर) सीमा कविया ने जिलेवार राजस्व, बकाया वसूली, मदिरा उठाव एवं निरोधात्मक कार्रवाई की प्रगति पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत की। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी मुख्यालय अजय जैन सहित दोनों जोन के अतिरिक्त आबकारी आयुक्त, उपायुक्त आबकारी निरोधक दल, जिला आबकारी अधिकारी, सहायक आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं प्रहराधिकारी उपस्थित रहे।

# राजसमंद में बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय के नए भवन का शिलान्यास



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने शुक्रवार को राजकीय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय के नवीन भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सालय बनने से पशुपालकों को बेहतर एवं त्वरित उपचार सुविधाएं मिलेंगी तथा पशुधन संरक्षण को मजबूती मिलेगी। संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बजट घोषणा 2025-26 के तहत भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मेहता मंगरी, धोइंदा में बनने वाले इस भवन का निर्माण कृषि विपणन बोर्ड द्वारा एक वर्ष में पूरा किया जाएगा। नए चिकित्सालय में आधुनिक प्रयोगशाला, ऑपरेशन थिएटर, सोनोग्राफी, एक्स-रे सहित उन्नत उपचार सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा बीमार पशुओं को भर्ती कर उपचार की व्यवस्था भी रहेगी। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पशुपालक मौजूद रहे।

# ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था का पहले ही दिन बड़ा असर, 30 घंटे में साइबर ठगी के 13 प्रकरण स्वतः दर्ज

## राजस्थान पुलिस की नई व्यवस्था से साइबर अपराधों पर त्वरित कार्रवाई शुरू, पीड़ितों को मिलेगी शीघ्र राहत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

जयपुर। राजस्थान पुलिस द्वारा साइबर वित्तीय अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लागू की गई ई-जीरो एफआईआर प्रणाली ने पहले ही दिन प्रभावी परिणाम देना शुरू कर दिया है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में शुरू की गई इस नई व्यवस्था के लागू होने के पहले 30 घंटे के भीतर ही 1 लाख से 5 लाख रुपये तक की साइबर ठगी से जुड़े 13 ई-जीरो एफआईआर स्वतः दर्ज होकर संबंधित पुलिस इकाइयों तक पहुंच गए, जहां तत्काल विधिक एवं तकनीकी कार्रवाई शुरू कर दी गई।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) वी.के. सिंह ने बताया कि अब तक 466 ई-जीरो एफआईआर स्वतः पंजीकृत की जा चुकी हैं। नई व्यवस्था से साइबर ठगी के मामलों में प्रारंभिक कार्रवाई की गति पहले की तुलना में काफी तेज हुई है, जिससे अपराधियों तक शीघ्र पहुंच बनाना संभव हो रहा है।

नई प्रणाली के तहत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (ठउफ्छ), 1930 साइबर हेल्पलाइन तथा सीसीटीएनएस का एकीकरण किया गया है। इसके माध्यम से 1 लाख रुपये या उससे अधिक की साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज होते ही संबंधित ई-जीरो एफआईआर स्वतः पंजीकृत होकर जांच के लिए संबंधित पुलिस इकाई को




भेज दी जाती है।

इस व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि साइबर ठगी के मामलों में प्रारंभिक कार्रवाई अब थाना क्षेत्राधिकार की औपचारिकताओं में नहीं उलझेगी। शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित पुलिस इकाई तत्काल जांच और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर सकेगी, जिससे अपराधियों तक तेजी से पहुंचने और ठगी गई राशि को सुरक्षित रखने की संभावना बढ़ेगी।

राजस्थान पुलिस के अनुसार नई प्रणाली के माध्यम से साइबर ठगी की राशि को समय रहते फ्रीज कराने, संदिग्ध बैंक खातों का विश्लेषण करने तथा पीड़ितों को राशि वापस दिलाने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और त्वरित होगी। इससे साइबर अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ-साथ पीड़ितों को शीघ्र राहत मिल सकेगी।

राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी भी प्रकार की साइबर वित्तीय ठगी का शिकार हों तो बिना विलंब राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस का कहना है कि 'गोल्डन आवर' के दौरान शिकायत दर्ज होने पर ठगी गई राशि को सुरक्षित रखने और वापस दिलाने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

## खबर संक्षेप

### अवैध खनन पर सविना पुलिस की कार्रवाई, पत्थरों से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सविना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पत्थरों से भरी तीन ट्रैक्टर–ट्रॉलियां जब्त की हैं। पुलिस ने आगे की कार्रवाई के लिए खनन विभाग को भी सूचना दे दी है।

### अवैध पत्थर परिवहन पर खेरवाड़ा पुलिस का शिकंजा, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** खेरवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पत्थरों से भरी एक ट्रैक्टर–ट्रॉली जब्त की है। पुलिस ने एमएमडीआर एक्ट एवं अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### काका की हत्या का खुलासा, भतीजा और उसका साथी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाते हुए काका की हत्या के मामले में भतीजे और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने शराब पार्टी के दौरान विवाद के बाद हत्या की साजिश रचकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है।

### पंच गौरव जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता कल

**सलूम्बर @ पदमावत मिडिया।** राजस्थान सरकार की पंच गौरव योजना के तहत जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 26 जुलाई को लवकुश शिक्षण संस्थान में होगा। प्रतियोगिता में जिले की छह पंचायत समितियों की 24 बालक एवं बालिका टीमें भाग लेंगी। जिला खेल अधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं की विजेता एवं उपविजेता टीमें इसमें हिस्सा लेंगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने बताया कि प्रतियोगिता में करीब 400 खिलाड़ी, प्रशिक्षक, निर्णायक एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। खिलाड़ियों को खेल पोशाक, कबड्डी मैट शू, नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। प्रतियोगिता प्रभारी नरेश रेबारी ने बताया कि मुकाबले सुबह 9 बजे से शुरू होंगे। सभी खिलाड़ियों को मूल आधार कार्ड एवं निर्धारित दस्तावेजों के साथ समय पर आयोजन स्थल पर उपस्थित होना होगा।

### 50 हजार रुपये रिश्वत लेते सहायक निदेशक अभियोजन गिरफ्तार



**जयपुर @ पदमावत मिडिया।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की सीकर इकाई ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय एसीजेएम–01, नीमकाथाना में पदस्थापित सहायक निदेशक अभियोजन कौशल सिंह राठौड़ को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि आरोपी पर एक विचाराधीन प्रकरण में अभियोजन पक्ष को कमजोर करने एवं कुछ धाराएं हटवाने के नाम पर परिवादी से 3.25 लाख रुपये रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। सत्यापन के दौरान 3 लाख रुपये की मांग की पुष्टि होने पर जाल बिछाया गया और आरोपी को जयपुर रेलवे स्टेशन के पास 50 हजार रुपये लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय कुमार एवं पुलिस निरीक्षक सुभाष मील के नेतृत्व में की गई। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

# मुख्य सचिव ने बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**लंबित कार्यों में तेजी लाने, तीन माह में वर्क ऑर्डर जारी करने और भूमि संबंधी बाधाएं दूर करने पर जोर**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने और सभी घोषणाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 की लंबित बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र क्रियान्वयन पर जोर दिया। साथ ही वर्ष 2026–27 की बजट घोषणाओं के कार्यों में आ रही बाधाओं को तत्काल दूर कर निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग नियमित समीक्षा और बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि विकास कार्यों में गति आए और आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

बैठक में मुख्य सचिव ने भूमि आवंटन के अभाव में लंबित बजट घोषणाओं पर विशेष चिंता जताई। उन्होंने संबंधित विभागों, जिला प्रशासन, राजस्व अधिकारियों, स्थानीय निकायों एवं अन्य एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर भूमि संबंधी मामलों का त्वरित समाधान करने तथा वर्ष 2026–27 की बजट घोषणाओं के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को आगामी तीन माह के भीतर बजट घोषणाओं से संबंधित सभी वर्क ऑर्डर जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों की संभावित आचार संहिता लागू होने से पहले अधिकाधिक विकास कार्यों का लोकार्पण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके।

उन्होंने 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश देते हुए परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग और विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर बल दिया।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को बजट घोषणाओं की नवीनतम प्रगति नियमित रूप से सीएमआईएस पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए, जिससे कार्यों की प्रभावी निगरानी और समयबद्ध समीक्षा सुनिश्चित हो सके।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने पिछली बैठक की तुलना में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए विभागों के प्रयासों की सराहना की। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग इसी गति को बनाए रखते हुए लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करें और बजट घोषणाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

# अच्छी खबर : थार में बनेगा विशाल कृत्रिम जलाशय

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



- जैसलमेर-बाड़मेर को मिलेगा जल जीवन मिशन का बड़ा लाभ
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल लाई रंग, 28 किलोमीटर परिधि वाले जलाशय में होगा 1406 एमसीएफटी पानी का संग्रहण

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल से थार मरुस्थल में जल संरक्षण की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। इंदिरा गांधी नहर परियोजना के तहत जैसलमेर जिले के घांटियाली क्षेत्र में आरडी–1356 एस्केप रिजर्वायर को विकसित कर 28 किलोमीटर परिधि वाला विशाल कृत्रिम जलाशय तैयार किया गया है। मानसून के दौरान पंजाब की ओर से आने वाले अतिरिक्त पानी का अब इस जलाशय में संग्रहण किया जाएगा, जिससे जैसलमेर और बाड़मेर जिलों को दीर्घकालिक जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी। राज्य सरकार के अनुसार मानसून के समय सिंचाई की मांग कम होने पर इंदिरा गांधी नहर का अतिरिक्त पानी पहले अंतरराष्ट्रीय सीमा पार पाकिस्तान की ओर बह जाता था। इस समस्या के समाधान के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत चार एस्केप रिजर्वायर बनाने की योजना स्वीकृत की गई थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में इस योजना के कार्यों में तेजी लाई गई और अब आरडी–507 तथा आरडी–1356 एस्केप रिजर्वायर का निर्माण पूरा हो चुका है। सरकार के अनुसार इन चारों जलाशयों से जल जीवन मिशन की 43 वृहद पेयजल परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त पानी उपलब्ध होगा। इससे 6,707 गांवों के 20 लाख से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा। आरडी–1356 एस्केप रिजर्वायर में 1406 एमसीएफटी पानी संग्रहित किया जा सकेगा। जलाशय की औसत गहराई 13 मीटर है तथा निर्माण के दौरान तल और ढलानों पर विशेष एचडीपीई शीट बिछाई गई है, जिससे रेतीली भूमि में पानी का रिसाव रोका जा सके। राज्य सरकार का कहना है कि यह जलाशय न केवल मानसून के अतिरिक्त जल का संरक्षण करेगा, बल्कि नहरबंदी या जल संकट की स्थिति में भी सुरक्षित जल भंडार के रूप में उपयोगी सिद्ध होगा। यह परियोजना पश्चिमी राजस्थान में जल प्रबंधन को मजबूत करने और भविष्य की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## एडीजे ने उप कारागृह झाड़ोल व बालक-बालिका गृह का किया निरीक्षण



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर सचिव एवं एडीजे राहुल चौधरी ने शुक्रवार को उप कारागृह झाड़ोल का निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क विधिक सहायता, चिकित्सा, भोजन, पेयजल, मुलाकात एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं इसके बाद एडीजे राहुल चौधरी ने राजस्थान बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित अनुदानित निराश्रित बालक–बालिका गृह का निरीक्षण कर बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

## होटल से एसी यूनिट के कॉपर वायर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com


- नाई थाना पुलिस की कार्रवाई, 13 एसी यूनिट से कॉपर वायर चोरी का खुलासा

**उदयपुर।** उदयपुर जिले की नाई थाना पुलिस ने होटल से एसी यूनिट के कॉपर वायर चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर होटल में लगी 13 एसी यूनिटों से कॉपर वायर चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त कटर भी बरामद कर लिया है तथा अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा तथा वृत्ताधिकारी गोपाल चंदेल के सुपरविजन में थानाधिकारी कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कृष्णा (19) निवासी फला, थाना फलासिया, जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 20 जुलाई 2026 को फतेहगढ़ होटल के सुरक्षा पर्यवेक्षक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि होटल परिसर में लगी 13 एसी यूनिटों से कॉपर वायर चोरी हो गए हैं। मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात करना स्वीकार किया। आरोपी के विरुद्ध पहले भी पॉक्सो एक्ट एवं मारपीट के मामले दर्ज हैं।

# टीएसपी क्षेत्र में पदों के पुनर्गठन की मांग तेज, विद्युत विभाग के कार्मिकों ने सौंपा ज्ञापन

**संभागीय आयुक्त व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन, पद वर्गीकरण की विसंगतियां दूर करने की उठाई मांग**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**उदयपुर।** ऊर्जा विभाग के अंतर्गत अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के जनजाति उपयोजना (टीएसपी) क्षेत्र के कार्मिकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, संभागीय आयुक्त सहित उच्च अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा। टीएसपी संयुक्त संघर्ष समिति (विद्युत विभाग कार्मिक) के बैनर तले सौंपे गए ज्ञापन में टीएसपी क्षेत्र में पदों के दोषपूर्ण वर्गीकरण को सुधारने तथा पदों के पुनर्गठन की मांग प्रमुखता से उठाई गई। समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 19 मई 2018 को जारी नवीन टीएसपी अधिसूचना के बावजूद अजमेर विद्युत वितरण निगम के विभिन्न कार्यालयों में पदों का वर्गीकरण अब भी त्रुटिपूर्ण बना हुआ है। कई कार्यालयों में आवश्यक पद सृजित नहीं किए गए हैं, जिससे स्थानीय टीएसपी कार्मिक नई नियुक्तियों, पदोन्नति के अवसरों तथा वांछित पदस्थापन जैसे अधिकारों से वंचित हो रहे हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि टीएसपी क्षेत्रों में गैर–टीएसपी (नॉन–टीएसपी) कार्मिकों की नियुक्ति से स्थानीय युवाओं एवं कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। समिति ने उदयपुर मुख्यालय पर 75 प्रतिशत पदों के पुनर्गठन, वृत्त एवं उपखंड कार्यालयों में पदों का समुचित वर्गीकरण, अजमेर मुख्यालय पर 30 प्रतिशत आरक्षण लागू करने तथा टीएसपी क्षेत्र से गैर–टीएसपी कार्मिकों को हटाने सहित विभिन्न मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की। समिति के लेखा, इंजीनियरिंग, मंत्रालयिक एवं तकनीकी संवर्ग के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि विभाग एवं राज्य सरकार ने जल्द ही इन विसंगतियों का समाधान नहीं किया तो कार्मिक अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने सरकार एवं विभागीय अधिकारियों से मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।

## पति की हत्या के मामले में पत्नी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** झाड़ोल थाना पुलिस ने पति की हत्या के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर ईंट से हमला कर पति की हत्या करने का आरोप है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## स्वरोजगार ऋण व अनुदान के लिए आवेदन आमंत्रित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम–एजेएवाई) के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र व्यक्तियों एवं समूहों से स्वरोजगार के लिए बैंक ऋण एवं अनुदान हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना प्रबंधक ममता जाखड़ ने बताया कि योजना के तहत ऑटो, ई–रिक्शा, डेयरी, मुद्रा ऋण सहित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के लिए बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। पात्र लाभार्थियों को इकाई लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक अनुजा निगम, सलूम्बर कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर जमा कर सकते हैं।

## महाराणा भूपाल अस्पताल से मोटरसाइकिल चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** हाथीपोल थाना पुलिस ने महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। आरोपी के विरुद्ध पहले से चोरी एवं अन्य अपराधों के कई मामले दर्ज हैं।

# नांदेड़ पुलिस का विशेष अभियान: विद्यार्थियों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, सड़क सुरक्षा को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए नियमों के पालन का किया आह्वान**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**नांदेड़ ।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और विद्यार्थियों में यातायात अनुशासन की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से नांदेड़ जिला पुलिस ने विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत शहर के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार नागरिक बनने के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. नीलाभ रोहन के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान का नेतृत्व शहर यातायात शाखा के प्रभारी पुलिस निरीक्षक मारोती मुंडे ने किया। अभियान के दौरान महात्मा फुले हाईस्कूल, गुजराती हाईस्कूल, जिजामाता हाईस्कूल, नागार्जुन हाईस्कूल तथा महानगरपालिका के विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पावर पॉइंट प्रस्तुति (पीपीटी), जागरूकता वीडियो, प्रश्नोत्तर सत्र और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को सड़क दुर्घटनाओं के कारण, उनसे बचाव के उपाय, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व तथा यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. नीलाभ रोहन ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानून का पालन नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों और वाहन चालकों से स्वयं नियमों का पालन करने तथा अपने परिवार और समाज में भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का आहवान किया, ताकि सुरक्षित, अनुशासित और दुर्घटनामुक्त नांदेड़ का निर्माण किया जा सके।

## आईआईएम उदयपुर के एमबीए विद्यार्थियों ने सलूम्बर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का किया अध्ययन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com








**सलूम्बर।** स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, सुलभ एवं जन–केंद्रित बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल के तहत भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) उदयपुर के एमबीए विद्यार्थियों ने एदवक्छ–ल्हउ२ परियोजना के सहयोग से सलूम्बर जिले के चयनित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (AAMs) एवं संबंधित ग्रामों का अध्ययन किया। यह फील्ड विजिट आईआईएम उदयपुर के डिजाइन थिंकिंग पाठ्यक्रम का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाली वास्तविक चुनौतियों को समझते हुए उनके व्यावहारिक एवं नवाचार आधारित समाधान विकसित करना है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ), एएनएम, आशा सहयोगिनियों, स्वास्थ्यकर्मियों तथा ग्रामीणों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान व्यवस्था, चुनौतियों एवं सुधार की संभावनाओं का गहन अध्ययन किया। फील्ड से प्राप्त अनुभवों के आधार पर विद्यार्थी आगामी चरण में ऐसे नवाचार आधारित समाधान तैयार करेंगे, जिन्हें EQUIP-HWCs परियोजना एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से व्यवहार में लाने का प्रयास किया जाएगा। आईआईएम उदयपुर की प्रोफेसर वेधा ने बताया कि यह देश में अपनी तरह की एक अनूठी पहल है, जिसमें प्रबंधन संस्थान के विद्यार्थी सीधे जिला स्वास्थ्य प्रणाली से जुड़कर जमीनी चुनौतियों को समझते हैं और उनके समाधान विकसित करने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार परमार ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोगात्मक प्रयास स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार, गुणवत्ता सुधार तथा जनसुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

उन्होंने भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को निरंतर प्रोत्साहित करने की बात कही। विद्यार्थियों के भ्रमण के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के चयन एवं समन्वय में जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र पुरी गोस्वामी ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।